पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

क्रिसमस पर राज्यपाल की बधाई

लखनऊः 24 दिसम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने क्रिसमस के पावन अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को, विशेषकर ईसाई समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की है।

राज्यपाल ने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर जारी अपने बधाई सन्देश में कहा है कि यह पर्व हमें शांति, सद्भाव एवं भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु ने दुःखी और पीड़ित मानवता को प्रेम, करूणा, आत्मीयता और अटूट संकल्प शक्ति का सन्देश दिया था।